देहरादून,पौड़ी-गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित | www.page3news.in | नगर संस्करण वर्ष 14 अंक: 360 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रूपए

**विचार-प्रवाह...**
विश्वसनीय खरीद व मूल्य व्यवस्था की जरूरत



# पेज थ्री

देहरादून, शनिवार, 21 मार्च 2020



मौसम अधिकतम 27.0° न्यूनतम 14.0° | 29915.96 | 2 कोरोना वायरस ने लील ली एक पीढ़ी | 7 बीसीसीआई अधिकारी पर भड़के गावसकर

## संक्षिप्त समाचार

### भारत में कोरोना वायरस संक्रमितों की संख्या 230 पहुंची

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**
नयी दिल्ली। स्वास्थ्य मंत्रालय ने शुक्रवार को कहा कि देश में अबतक कोरोना वायरस से संक्रमण के 230 मामलों की पुष्टि हुई है और उनके संपर्क में आए 6,700 से अधिक लोगों को निगरानी में रखा गया है। स्वास्थ्य मंत्रालय के संयुक्त सचिव लव अग्रवाल ने जोर दिया कि कोरोना वायरस से संक्रमण से लड़ने का सबसे प्राथमिक तरीका सामजिक दूरी है। उन्होंने लोगों से आह्वान किया कि वे टोल फ्री नंबर 1075 का इस्तेमाल कोई भी जानकारी प्राप्त करने के लिए करें। अग्रवाल ने कहा कि सरकार रक्षात्मक उपाय पर काम कर रही है।

### संडे को नहीं चलेगी मेट्रो, डीएमआरसी ने जारी की एडवायजरी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**
नई दिल्ली। कोरोना वायरस के खतरे के मद्देनजर, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 22 मार्च (रविवार) को जनता कर्फ्यू लगाने की अपील की है। दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन ने फैसला किया है कि उस दिन मेट्रो नहीं चलेगी। एक बयान में डीएमआरसी ने कहा कि यह कदम लोगों के घरों में रहने और सोशल डिस्टेंसिंग मेंटेन करने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए उठाया गया है। दिल्ली मेट्रो ने ट्रेवलर्स के लिए एडवायजरी भी जारी की है जिसमें उसके द्वारा कोविड–19 को लेकर उठाए जा रहे स्टेप्स की इंफॉर्मेशन है।

### पीएम ने राज्यों के मुख्यमंत्रियों के साथ किया महामंथन

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**
नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को मुख्यमंत्रियों के साथ वीडियो लिंक पर मीटिंग की। इसमें देश में कोरोना वायरस को फैलने से रोकने के उपायों पर चर्चा हुई। मीटिंग में केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री हर्षवर्धन के अलावा हेल्थ मिनिस्ट्री के टॉप अधिकारी शामिल हुए। बैठक शाम 4 बजे शुरू हुई और खबर लिखे जाने तक जारी थी।

# सात साल बाद मिला इंसाफ

- तिहाड़ में जेल अधिकारियों की मौजूदगी में दी गई फांसी
- दोषियों के शवों का हुआ पोस्टमॉर्टम

## सभी चार दोषियों को ठीक सुबह साढ़े 5 बजे तिहाड़ में दी गई फांसी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। निर्भया गैंगरेप केस के सभी चारों दोषियों को आज तिहाड़ जेल में सुबह साढ़े 5 बजे फांसी दे दी गई। इससे पहले सुप्रीम कोर्ट ने तड़के तक एक दोषी पवन गुप्ता की अर्जी पर सुनवाई की और उसकी आखिरी अर्जी भी खारिज कर दी। दिल्ली की एक अदालत ने सभी चार दोषियों का 20 मार्च के लिए डेथ वॉरंट जारी किया था।

**मेडिकल अफसर ने दोषियों को मृत घोषित कियाः** तिहाड़ जेल के मेडिकल अफसर ने निर्भया के सभी दोषियों को मृत घोषित कर दिया है। तिहाड़ में पवन, मुकेश, विनय और अक्षय को दी गई थी फांसी। फांसी के बाद करीब आधा घंटे तक दोषियों के शरीर फंदे से झूलता रहा था। आधे घंटे बाद मेडिकल ऑफिसर ने शवों की जांच की। अब डॉक्टरों का पैनल मृतकों के शव का पोस्टमॉर्टम करेगी।

**आगे नहीं जा रहा था दोषीः** सूत्रों के मुताबिक, एक दोषी फांसी के लिए आगे नहीं जा रहा था, फिर फांसी घर में मौजूद लोग उसे जबरन आगे लेकर गए। इससे पहले दो दोषियों ने अपने हाथ बंधवाने से भी इनकार किया था। फिर पुलिसवालों की मदद से उनके हाथ बांधे गए थे।

**रातभर रहे थे बेचैन, खाना नहीं खायाः** निर्भया के दोषियों की हालत रात से ही खराब थी। 19 मार्च यानी अपनी आखिरी रात को दोषी सोए नहीं थे। रात को मुकेश–विनय ने डिनर किया था। वहीं पवन और अक्षय रातभर बेचैन रहे। निर्भया के दोषियों की 24 घंटे पहले से मॉनिटरिंग शुरू हो गई थी। ऐसा इसलिए हुआ क्योंकि जेल अधिकारियों को जानकारी मिली थी कि ये चारो अपने आप को चोट पहुंचा सकते हैं ताकि फांसी से बच सकें।



### घड़ी में 5.30 बजते ही जल्लाद ने लीवर खींचा

घड़ी में जैसे ही सुबह 5.30 बजे का वक्त हुआ। तिहाड़ में मौजूद जल्लाद ने लीवर खींच दिया और दोषियों को फांसी पर लटका दिया गया। फांसी से पहले निर्भया के दोषी किस तरह खौफ में थे, यह जेल में मौजूद लोगों ने देखा। फांसी के लिए ले जाते वक्त चारों दोषियों के चेहरे पर डर साफ देखा जा सकता था। इस दौरान एक दोषी घबरा भी गया और वहीं फांसी घर में लेट गया।

### निर्भया की मां बोलीं, जारी रखेंगे संघर्ष

निर्भया की मां ने दोषियों की फांसी के बाद कहा कि आज देश के बच्चियों को इंसाफ मिला। उन्होंने कहा कि जिस तरह निर्भया केस में देरी की तकनीक अपनाई गई लेकिन शीर्ष अदालत ने सबको खारिज कर दिया। उन्होंने कहा, ‘हमें देर से ही सही लेकिन न्याय मिला। इस न्याय व्यवस्था के प्रति हमारा विश्वास बना रहेगा। हम सबको इंसाफ मिला। हम ये लड़ाई आगे भी जारी रखेंगे। निर्भया को इंसाफ मिला है। देश की बच्चियों को न्याय दिलाने के लिए हम यह लड़ाई जारी रखेंगे।

### दिल्ली में मॉल्स रहेंगे बंद, इन दुकानों को छूट

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। कोरोना वायरस के बढ़ते मामलों को देखते हुए दिल्ली सीएम अरविंद केजरीवाल ने बड़ा फैसला लिया। अब दिल्ली में मौजूद मॉल्स भी बंद करने का आदेश आया है। हालांकि, उनमें मौजूद किराने, फार्मेसी और सब्जी की दुकान खुली रहेंगी। दिल्ली में स्कूल, कॉलेज और अन्य चीजें पहले से ही बंद है। दिल्ली सीएम पहले ही ऐलान कर चुके हैं कि कोरोना वायरस की वजह से एक जगह पर 50 से ज्यादा लोग एकजुट नहीं हो सकते। फिलहाल शादी को इससे छूट है। जिम, नाइट क्लब, स्पा को भी 31 मार्च तक बंद कर दिया गया है। दिल्ली में स्कूल, कॉलेज, यूनिवर्सिटी, थियेटर समेत कई चीजें पहले से बंद हैं।

# कमलनाथ ने दिया सीएम पद से इस्तीफा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

भोपाल। पिछले एक पखवाड़े से मध्य प्रदेश में चल रहा सियासी ड्रामा सीएम कमलनाथ के इस्तीफे के बाद खत्म हो गया है। हालांकि इस्तीफा देते हुए कमलनाथ ने इशारों–इशारों में बीजेपी को कुछ संकेत भी दे गए। अपने विदाई भाषण में कमलनाथ ने बीजेपी पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने आरोप लगाया कि बीजेपी को कांग्रेस के विकास वाले काम नहीं भा रहे थे और उनकी सरकार को अस्थिर करने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे थे।

कमलनाथ ने इस्तीफा देते हुए कुछ ऐसी लाइनें भी बोलीं जो राज्य में भविष्य की राजनीति और बीजेपी से बदले का संकेत भी दे गया। कमलनाथ के इस बयान को बीजेपी के लिए संकेत के तौर पर देखा जा रहा है। कमलनाथ ने कहा, विधायकों को कौन कर्नाटक ले गया। किसने पैसा दिया। आज के बाद कल भी आएगा और कल के बाद परसों भी आता है। परसों तो आएगा ही।इ सियासी जानकार कमलनाथ के इस बयान के कई मायने निकाल रहे हैं। कुछ विशेषज्ञ तो इसे बीजेपी के लिए संकेत के तौर पर देखा जा रहा है।

सुप्रीम कोर्ट ने राज्य के पूर्व सीएम शिवराज सिंह चौहान की याचिका पर कमलनाथ सरकार को शुक्रवार को विधानसभा में शाम 5 बजे तक फ्लोर टेस्ट कराने का दिया था आदेश। कमलनाथ ने फ्लोर टेस्ट के पहले ही इस्तीफा दे दिया।

### इस्तीफा के बाद कमलनाथ ने इशारों में बीजेपी को संकेत भी दे गए



### बहुमत के खेल पर है कमलनाथ की नजर

230 सदस्यीय विधानसभा में 25 सीटें खाली हैं। बीजेपी के पास 107 विधायक हैं। मौजूदा स्थिति में बीजेपी आराम से सरकार बना लेगी। 25 विधानसभा सीटों पर चुनाव के दौरान असली खेल शुरू हो सकता है। क्योंकि अभी बीजेपी के जरूरी 116 विधायकों का आंकड़ा नहीं है। ऐसे में उपचुनावों में उसे कम से कम 10 सीटों पर जीत हासिल करनी होगी।

# बॉलिवुड सिंगर कनिका कपूर कोरोना पॉजिटिव

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

लखनऊ। देशभर में कोरोना वायरस का खतरा बढ़ता जा रहा है। जगह–जगह लोगों को जागरूक किया जा रहा है। लेकिन एक बॉलिवुड सिंगर के कथित लापरवाह रवैए ने सैकड़ों लोगों को खतरे में डाल दिया है। सिंगर कनिका कपूर का कोरोना टेस्ट पॉजिटिव निकला है। अब आरोप लग रहे हैं कि उन्होंने जरूरी दिशा–निर्देशों का पालन नहीं किया। इसी पार्टी में वसुंधरा राजे भी शामिल हुईं। पार्टी में मौजूद रहे बीजेपी सांसद दुष्यंत सिंह इस पार्टी के बाद संसद भी गए थे। दुष्यंत सिंह के संसद जाने की खबर के बाद उन्होंने खुद को आइसोलेट कर लिया है।

# मुंबई समेत महाराष्ट्र के 4 शहरों में लॉकडाउन

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

मुंबई। कोरोना वायरस से सबसे ज्यादा प्रभावित राज्य महाराष्ट्र के चार शहरों में लॉकडाउन का फैसला लिया गया है। मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने घोषणा की है कि मुंबई समेत इन चार शहरों में 31 मार्च तक सभी दफ्तर और अहम प्रतिष्ठान बंद रहेंगे। राज्य में कोरोना वायरस के अब तक 52 मामले सामने आए हैं।

मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने जनता को संबोधित करते हुए कहा कि आज मध्यरात्रि से 31 मार्च तक के लिए मुंबई, एमएमआर क्षेत्र, पुणे, पिंपरी चिंचवाड़ और नागपुर में सभी कार्यस्थल बंद किए जाएंगे। इस बीच महाराष्ट्र में शुक्रवार को कोरोना वायरस के तीन नए मामले सामने आए हैं। स्वास्थ्य मंत्री राजेश टोपे ने बताया कि मुंबई, पुणे और पिंपरी चिंचवाड़ में एक–एक केस कंफर्म हुआ है।

**लहकडाउन में क्या रहेगा बंद?** मुंबई समेत महाराष्ट्र के जिन चार शहरों में लॉकडाउन का फैसला किया गया है, वहां जरूरी सेवाएं पहले की तरह जारी रहेंगी। लॉकडाउन की अवधि में मुंबई लोकल भी बंद नहीं की जाएगी। एसी लोकल को पहले ही बंद किया जा चुका है।

## कहर

### लखनऊ में भी लॉकडाउन, 23 तक सभी दफ्तर बंद

लखनऊ। कोरोना वायरस के बढ़ते मामलों को देखते हुए उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में भी आंशिक लॉकडाउन लागू कर दिया गया है। लखनऊ के जिलाधिकारी ने आदेश जारी करके कहा है कि 23 मार्च तक सभी दफ्तर और अन्य प्रतिष्ठान बंद रहेंगे। लॉकडाउन अस्पताल, मेडिकल स्टोर, रसोई गैस, दूध और राशन की दुकानें खुली रहेंगी।

### महाराष्ट्र में 8वीं तक सभी परीक्षाएं रद्द

महाराष्ट्र में लॉकडाउन के दौरान बैंक सेवाएं खुली रहेंगी। साथ ही मेडिकल सेवाएं भी निर्बाध रूप से मुहैया कराई जाएंगी। महाराष्ट्र की शिक्षा मंत्री ने कहा है कि कक्षा 1 से 8 तक की परीक्षाएं रद्द कर दी गई हैं और बिना परीक्षा के ही छात्रों को अगली क्लास में प्रमोट किया जाएगा। कोरोना संक्रमण के बढ़ते मामलों के बीच महाराष्ट्र से एक अच्छी खबर है। स्वास्थ्य विभाग से मिली जानकारी के अनुसार कोरोना की चपेट में आने वाले शुरुआती मरीजों में से 5 की जांच रिपोर्ट निगेटिव आई है।

**Are you Planning to make a Website or already have ?**
*If yes, then we are here to serve you*

**What we do**

**Website Development**
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.

**Promotion & Branding**
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS

**Search Engine Optimisation**
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.

Contact:
**Gadoli Media Ventures**
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. | Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in